# पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

## –: आवश्यक सूचना :–

दिनांक 15.02.2025 को महा शिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। इस पर्व के अवसर पर दिनांक 15.02.2025 को प्रातः 05:00 बजे से ही श्रद्धालुओं एवं पुजा–अर्चना करने वालों की काफी संख्या में भीड़ होती है तथा संख्या में भगवान शिव–पार्वती की भव्य बारात निकाली जाती है।

इस अवसर पर राँची शहरी क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था निम्नवत होगी–

(क) बड़े वाहनों का नो–इन्ट्री का समय प्रातः 05:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे रात्रि तक प्रभावी रहेगा।

(ख) राँची शहर की ओर आने वाली सड़कों द्वारा बड़े मालवाहक वाहन विभिन्न मार्गों के सामने अंकित स्थान तक ही आ सकेंगे:–

1. कांके से रॉची भाया बोड़ेया – बोड़ेया।
2. चाईबासा–खूंटी से राँची – बिरसा चौक।
3. गुमला सिमडेगा से राँची (अरगोड़ा) – कटहल मोड़।
4. पलामू–लोहरदगा से राँची – पिस्का मोड।
5. गुमला–सिमडेगा से राँची – आई0टी0आई0 बस पड़ाव।
6. जमशेदपुर से राँची – दुर्गा सोरेन चौक, नामकुम।
7. जमशेदपुर से राँची (भाया सदाबहार चौक) – कुसई/घाघरा।
8. कांके पतरातु से राँची(भाया आई.आई.सी.एम.)– चॉदनी चौक।
9. बुटी मोड से राँची भाया बरियातु – बुटी मोड़।

1. बड़े वाहन, मालवाहक वाहन एवं सिटी राइड बस का बुटी मोड से बरियातु होते हुए तथा अन्य उपरोक्त मार्गों से नगर क्षेत्र में प्रवेश वर्जित रहेगा।
2. बुटी मोड से बरियातु मार्ग से छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक ही ओर परिचालन कर सकेंगे।
3. बोड़ेया रोड से आने वाले छोटे वाहन करमटोली चौक से जेल चौक की ओर परिचालन कर सकेंगे एवं बरियातु रोड होकर बुटी मोड भी जा सकेंगे। इसी प्रकार जेल चौक की तरफ से आने वाले छोटे वाहन करमटोली चौक होते हुए बरियातु से रास्ते बुटी मोड जा सकेंगे।

Scanned with CamScanner

4. कांके की ओर से जाने वाले बड़ी वाहन चाँदनी चौक तक ही रहेंगे। छोटे वाहन राम मंदिर मोड से सीधे हॉटलिप्स चौक, न्यू मार्केट चौक होकर अपने गंतव्य स्थान की ओर जाऐंगे। जुलूस के आने के समय सभी प्रकार के वाहनों का न्यु मार्केट चौक के पहले प्रवेश वर्जित रहेगा। जुलूस जाने के पश्चात ही रातु रोड/न्यू मार्केट चौक की तरफ या हरमू चौक की ओर जा सकेंगे।

5. पण्डरा पिस्का मोड़ से नगर क्षेत्र की ओर भारी वाहन, मालवाहक वाहन एवं सिटी राइड बस का परिचालन बन्द रहेगा। छोटे वाहन उक्त मार्ग से आ सकेंगे तथा जुलूस के समय रोड सभी प्रकार के वाहनों का पिस्का मोड़ के बाद प्रवेश वर्जित रहेगा।

6. मेट्रो गली से न्यु मार्केट तक एवं हरमू रोड में जुलूस यू टर्न के पश्चात ही रातु रोड/न्यु मार्केट चौक से कांके की तरफ या किशोरी यादव चौक की ओर जा सकेंगे।

7. कटहल मोड से आने वाली सभी प्रकार की गाड़ी झारखण्ड नर्सरी के पास से यू टर्न लेकर चापुटोली के रास्ते जा सकेंगे।

8. तिलता चौक से आने वाली सभी प्रकार के वाहन पिस्का मोड से यू टर्न लेते हुए चापु टोली के रास्ते जा सकेंगे।

9. शहर के अन्य मार्गों पर छोटे वाहनों का परिचालन पूर्ववत रहेगा।

10. शिव बारात जुलूस निकलने पर निम्न जगहों पर बेरेकेटिंग की जाएगी–

    (क) शनि मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर (ख) दुर्गा मंदिर से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर (ग) मिनाक्षी गली से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर (घ) सुखदेवनगर जाने वाली गली पर (च) बालाजी मंदिर के पास (छ) सुलभ शौचालय से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर (ज) गौशाला कटिंग से पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग पर।

11. <u>शिव बारात का रूटः–</u> शिव बारात इन्दुपुरी शिव मंदिर रातु रोड के मुख्य द्वार से निकलकर मेट्रोगली, रातु रोड, रानी सती मंदिर, पहाड़ी मंदिर, बानो मंजिल मार्ग, गाड़ीखाना, कार्ट सराय रोड, जेजे रोड, शहीद चौक से वापस होते हुए, पुस्तक पथ, ज्योति संगम, गाँधी चौक, मारवाड़ी टोला, महावीर चौक, प्यादा टोली, रातु रोड होते हुए आर. आर. स्पोटिंग दुर्गा पुजा समिति के प्रांगण में शिव विवाह एवं शिव बारात का भव्य स्वागत के बाद समापन होगा।

नोटः– आम नागरिकों से अनुरोध है कि महाशिवरात्रि के दिन जुलूस वाले रूट का कम–से–कम प्रयोग करें।

पुलिस अधीक्षक, यातायात,
राँची।

Scanned with CamScanner